भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य)
भोपाल, मध्यप्रदेश

सत्यमेव जयते

Govt. of India
Ministry of Home Affairs
Department of Official Language
Regional Implementation Office (Central)
Bhopal, Madhya Pradesh

फा.सं. क्षे.का.का./नराकास/हिंदी-दिवस/6ठा-अभारास/मप्र-छग/मध्य-क्षेत्र/भोपाल/2026-27/1046-1117,1118 दिनांक : 16 जून, 2026

सेवा में,

माननीय अध्यक्ष/सदस्य सचिव,
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास),
मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ (मध्य क्षेत्र)

(अंतिम तिथि - 15 जुलाई 2026)

विषय : हिंदी दिवस एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के संयुक्त आयोजन के लिए प्रतीक चिह्न (Logo) निर्माण के संबंध में।

संदर्भ : निदेशक (का.) भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, एन.डी.सी.सी.-II भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली - 110 001 का दि. 12/06/2026 का कार्यालय ज्ञापन सं. 12016/08/2026-रा.भा.(का-2) (पत्र संलग्न)।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के संदर्भित कार्यालय ज्ञापन की प्रति संलग्न कर आपके सूचनार्थ एवं त्वरित आवश्यक कार्रवाई हेतु सादर अग्रेषित की जा रही है।

2................जैसा कि आप सभी को विदित है, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा आगामी 14 और 15 सितम्बर 2026 को मुंबई (महाराष्ट्र) स्थित 'सिडको प्रदर्शन केन्द्र' में दो दिवसीय हिंदी दिवस एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का संयुक्त आयोजन किया जा रहा है। इस अत्यंत महत्वपूर्ण एवं गरिमामयी सम्मेलन हेतु एक विशिष्ट 'प्रतीक चिह्न / Logo' डिजाइन किया जाना है, जिसके लिए विभाग द्वारा एक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

3................प्रतीक चिह्न / Logo का निर्माण राजभाषा हिंदी की गरिमा, हिंदी दिवस की महत्ता, आजादी के अमृत काल तथा सम्मेलन स्थल मुंबई की सांस्कृतिक/ऐतिहासिक पृष्ठभूमि आदि को ध्यान में रखकर डिजीटल माध्यम (JPG/PDF) से सुनिश्चित किया गया है। प्रतियोगिता में चयनित होने वाले सर्वश्रेष्ठ 3 प्रविष्टियों को राजभाषा विभाग द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा। साथ ही, प्रतियोगिता के पांच सर्वश्रेष्ठ लोगो/Logo प्रतिभागियों को राजभाषा विभाग की ओर से प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे।

4................अतः आपसे अनुरोध है कि अपने-अपने नराकास के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी सदस्य कार्यालय के प्रमुखों को इस संबंध में तत्काल सूचित एवं परिचालित करने का कष्ट करें। सभी इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से उनके द्वारा तैयार किए गए प्रतीक चिह्न (Logo) के डिजीटल नमूने को निर्धारित अंतिम तिथि 15.07.2026 (सायंकाल 05:00 बजे तक) राजभाषा विभाग के अनुसंधान अधिकारी की आधिकारिक ईमेल आईडी - santoshgupta89@nic.in पर भिजवाना सुनिश्चित करवाने का कष्ट करें।

सादर,

16/6/2026

(नरेन्द्र सिंह मेहरा)
उप निदेशक (कार्यान्वयन)
एवं कार्यालयाध्यक्ष

संलग्नक : यथोपरि, (संदर्भित पत्र)

प्रतिलिपि :

1) निदेशक (का.) भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, एन.डी.सी.सी.-II भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली - 110 001 को दि. 12/06/2026 के कार्यालय ज्ञापन सं. 12016/08/2026-रा.भा.(का-2) के संदर्भ में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2) रक्षित फाइल।

पता : 52-ए, निर्माण सदन, कमरा नं. 206, द्वितीय तल, अरेरा हिल्स, भोपाल - 462 011 (मध्यप्रदेश)
Address : 52-A, Nirman Sadan, Room No. 206, Second Floor, Arera Hills, Bhopal - 462 011 (Madhya Pradesh)
दूरभाष / Telephone : 0755 298 5862, 99112-16373
ईमेल पता / Email ID : ddimplbho-mp@nic.in

फा.सं.-12016/08/2026-रा.भा.(का-2)

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
***

एन.डी.सी.सी.-II भवन, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली-110001,
दिनांक: 12.06.2026

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय- हिंदी दिवस एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के संयुक्त आयोजन के लिए प्रतीक चिह्न (Logo) निर्माण के संबंध में।**

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार 14 व 15 सितम्बर 2026 को मुंबई स्थित "सिडको प्रदर्शन केंद्र" में दो दिवसीय हिंदी दिवस एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का संयुक्त आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन की अध्यक्षता माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी करेंगे। इस सम्मेलन में मुख्य सत्र के अलावा हिंदी से जुड़े विभिन्न विषयों पर कई समानांतर शैक्षिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

2. इस महत्वपूर्ण सम्मेलन हेतु एक 'प्रतीक चिह्न (Logo)' डिजाइन किया जाना है जिसके लिए एक प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है जिसमें आपकी भागीदारी अपेक्षित है। इस 'लोगो'(Logo) के निर्माण में राजभाषा, हिंदी दिवस, आजादी के अमृत काल की महत्ता, सम्मेलन स्थल मुंबई की पृष्ठभूमि आदि को रखा जाना समीचीन होगा।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंक/स्वायत संगठन/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुखों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने-अपने संगठनों से इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से **प्रतीक चिह्न (Logo) का नमूना (JPG/PDF)तैयार करवा कर** दिनांक 15.07.2026, सांय 05 बजे तक विभाग के अनुसंधान अधिकारी की ईमेल आईडी -**santosh.gupta89@nic.in** पर भिजवाना सुनिश्चित करें। हस्तनिर्मित **चिह्न (Logo) अस्वीकार्य होगा।**

4. चयन समिति द्वारा चुने गए सर्वश्रेष्ठ **लोगो(Logo)** का प्रयोग दिनांक 14-15 सितम्बर 2026 को आयाजित होने वाले राजभाषा सम्मेलन में किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ प्रथम 3 'प्रतीक चिह्न (Logo)'को राजभाषा विभाग द्वारा पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही प्रतियोगिता के पांच सर्वश्रेष्ठ **लोगो (Logo)** प्रतिभागियों को राजभाषा विभाग की ओर से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।

(ले. कर्नल **रामनरेश शर्मा**)
**निदेशक (का.)**

प्रतिः-

1. सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंक/स्वायत संगठन/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुख।
2. सभी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के कार्यालय प्रमुख।
3. सभी नराकासों के अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव।